बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड
**Bihar State Power (Holding) Company Limited**
बिहार सरकार का उपक्रम (A Govt. of Bihar Undertaking)
सामान्य प्रशासन विभाग (Department of General Administration)
GST Number : 10AAFCB2394A2ZD, CIN Number : U40102BR012SGC018495

पत्रांक : 232 / पटना दिनांक 31-5-24

**H-V/Misc-Insurance-22/2023**

प्रेषक,

**अनिरूद्ध कुमार**
महाप्रबंधक (मा०सं० / प्रशा०)

सेवा में,

**महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)**
बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना /
नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना /
साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना /
बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना /
बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड, पटना

विषय : **बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी सभी अनुषंगी कम्पनी अन्तर्गत कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को कैशलेश की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बांछित सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी सभी अनुषंगी कम्पनियों अन्तर्गत कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिकित्सा बीमा अन्तर्गत आच्छादित कर कैशलेश की सुविधा प्रदान किए जाने की कार्रवाई विचाराधीन है। इस परिपेक्ष्य में बांछित सूचना संग्रहण हेतु एक पोर्टल – http://medical.bsphcl.co.in तैयार किया गया है।

चिकित्सा पोर्टल पर होल्डिंग कम्पनी एवं इसकी अनुषंगी कम्पनी अधीन नियमित सेवा में कार्यरत सभी कर्मियों से बांछित सूचना प्राप्त किए जाने के संदर्भ में महत्वपूर्ण बिन्दु निम्नवत् है :–

क) चिकित्सा पोर्टल **http://medical.bsphcl.co.in** दिनांक 05 / 06 / 2024 से 30 / 06 / 2024 तक **Live** रहेगा।

ख) **बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कम्पनी के नियमित सेवा में कार्यरत सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों के द्वारा दिनांक 30 / 06 / 20204 तक वांछित सूचना उपलब्ध कराना अनिवार्य है।** तैयार पोर्टल पर स्वयं के Employee ID तथा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होने वाले OTP के माध्यम से बांछित सूचना भरा जायेगा।

वैसे कर्मी, जिनका मोबाईल नम्बर कम्पनी से रजिस्टर्ड नहीं है, उनका नाम, Employee ID, पदनाम, पदस्थापन स्थान, कम्पनी का नाम, Mobile Number एवं Email ID की विवरणी उनके निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के द्वारा श्री अजय कुमार, डी0बी0ए0, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड को मोबाईल रजिस्ट्रेशन हेतु Email-medical.bsphcl@gmail.com पर उपलब्ध कराया जायेगा।

ग) डाटा संकलन कार्य हेतु बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कम्पनी के सभी व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया जाता है।

घ) बांछित सूचना अप्राप्त रहने की स्थिति में जून माह का वेतन बाधित रहेगा, तदनोलोक में सभी नोडल पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन कार्यरत सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों से बांछित सूचना उपलब्ध कराने का कार्य निर्धारित तिथि तक करना सुनिश्चित करेंगे।

ङ) DDO स्तर पर बांछित सूचना के अनुश्रवण के उद्देश्य से उपर्युक्त पोर्टल पर ही एक डैशबोर्ड का निर्माण किया गया है। Employee ID तथा रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर के माध्यम से निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के द्वारा अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों/कर्मचारियों के आवेदन की स्थिति का अनुश्रवण किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त के परिपेक्ष्य में अपने क्षेत्राधीन सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को अपने स्तर से संसूचित करने की कृपा की जाए, ताकि सभी कर्मचारियों/पदाधिकारियों से बांछित सूचना ससमय प्राप्त हो सके।

विश्वासभाजन्

31/5/24

(अनिरूद्ध कुमार)
महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)

ज्ञापांक 232, पटना/ दिनांक 31-5-24

प्रतिलिपि : अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के तकनीकी सलाहकार/विशेष कार्य पदाधिकारी/ प्रधान आप्त सचिव/ निदेशक (प्रशा0) के प्रधान आप्त सचिव/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड के विशेष कार्य पदाधिकारी/ प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रांशमिशन कम्पनी लिमिटेड के विशेष कार्य पदाधिकारी / प्रबंध निदेशक, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के विशेष कार्य पदाधिकारी / प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

31/5/24

(अनिरूद्ध कुमार)
महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.)

ज्ञाप संख्या 232 पटना/ दिनांक 232

प्रतिलिपि : सभी महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/सभी महाप्रबंधक (राजस्व)/ महाप्रबंधक–सह– मुख्य अभियंता/सभी मुख्य अभियंता/सभी मुख्य अभियंता (असैनिक)/सभी उपमहाप्रबंधक (मा0सं0/ प्रशा0)/सभी उपमहाप्रबंधक (राजस्व)/सभी उप महाप्रबंधक–सह–विद्युत अधीक्षण अभियंता/ उपमहाप्रबन्धक (कार्मिक)/कम्पनी सचिव/ सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/परियोजना प्रबंधक/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0सं0/ प्रशा0)/सभी अवर सचिव/सभी प्रशासी पदाधिकारी/सभी लेखा पदाधिकारी/सभी सहायक अभियंता, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूश्न कंपनी लिमिटेड/ नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूश्न कंपनी लिमिटेड/बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड/ बिहार स्टेट पावर ट्रांशमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ज्ञाप संख्या ..........232..........पटना/ दिनांक ....31-5-24....

प्रतिलिपि : सभी डी0बी0ए0, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/ नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड/ बिहार स्टेट पावर ट्रांशमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

2— अनुरोध है कि उपर्युक्त पत्र को कम्पनी के बेबसाईट पर प्रकाशित करने की कृपा की जाए।

3— उपर्युक्त पत्र को सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को Whatsapp के माध्यम से भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

31/5/24

(अनिरूद्ध कुमार)
महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.)